RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 64 | SUNDAY DATE 29-03-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ

बच्चों को समझा रहे, क्यों बातें बेकार।
हेरा-फेरी बिन कहां, लगती नैया पार।
लगती नैया पार, हूंजनी पड़ती हुंजी।
नहीं परिश्रम मात्र, सफलता की अब कुंजी।
कह साहिल कविराय, बनाते काहे लालू।
सीधे-वीधे नहीं, बनाएं उनको चालू।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

### दिल्ली-एनसीआर को मिलेगा दूसरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा

# प्रधानमंत्री मोदी ने किया जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन और बोले- इसकी असली हकदार जनता

- नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बताया 'नए भारत' की ताकत
- मोबाईल फोन की फ्लैश लाइट जलवाकर जनभागीदारी से कराया अनोखा शुभारंभ

» **नोएडा, यूटर्न/ 28 मार्च।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का अनोखे अंदाज में उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने जनता को कार्यक्रम का हिस्सा बनाते हुए मोबाइल फोन की फ्लैश लाइट जलाकर एयरपोर्ट का शुभारंभ कराने की अपील की और कहा कि इस परियोजना के असली हकदार देश के नागरिक हैं।

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी सुबह करीब 11:30 बजे जेवर पहुंचे, जहां उन्होंने सबसे पहले एयरपोर्ट की अत्याधुनिक टर्मिनल बिल्डिंग का निरीक्षण किया। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे रिमोट बटन दबाकर एयरपोर्ट के पहले चरण का औपचारिक उद्घाटन किया। कार्यक्रम से पहले एक डॉक्यूमेंट्री के जरिए एयरपोर्ट की विशेषताओं को प्रस्तुत किया गया। यहां प्रधानमंत्री मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, कि उद्घाटन अभी पूरा नहीं हुआ है, मैंने सिर्फ पर्दा हटाया है। असली उद्घाटन आप करेंगे। इसके बाद उन्होंने उपस्थित लोगों से अपने मोबाइल फोन की फ्लैश लाइट जलाने का आ'ान किया। हजारों लोगों ने एक साथ फ्लैश लाइट जलाकर 'भारत माता की जय' के नारों के बीच इस ऐतिहासिक पल को साकार किया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री को फिरोजाबाद की प्रसिद्ध कांच कला से बनी भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंट की।

गौतम बुद्ध नगर जिले में यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे स्थित यह एयरपोर्ट दिल्ली-एनसीआर का दूसरा प्रमुख हवाई अड्डा है। करीब 7,200 एकड़ में फैला यह प्रोजेक्ट सेंट्रल पार्क (न्यूयॉर्क) से लगभग आठ गुना बड़ा है। पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर विकसित इस एयरपोर्ट के पहले चरण में एक रनवे और एक टर्मिनल बनाया गया है, जिसकी सालाना क्षमता 1.2 करोड़ यात्रियों की है। भविष्य में इसे बढ़ाकर 7 करोड़ यात्रियों तक करने की योजना है।

### सपा वालों ने नोएडा को बनाया था अपनी लूट का एटीएम

**ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 28 मार्च।** गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पहले सपा वालों ने नोएडा को अपनी लूट का एटीएम बना लिया था। कांग्रेस और उत्तर प्रदेश की पिछली सरकारों ने इस एयरपोर्ट की नींव तक नहीं पड़ने दी थी। जेवर में एयरपोर्ट के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'यह एक ऐसा एयरपोर्ट बन रहा है, जहां हर दो मिनट में एक जहाज उड़ान भरेगा। पहले सपा वालों ने नोएडा को अपनी लूट का एटीएम बना लिया था। लेकिन आज भाजपा सरकार में वही नोएडा उत्तर प्रदेश के विकास का सशक्त इंजन बन रहा है। जेवर एयरपोर्ट 'डबल इंजन' सरकार की कार्य संस्कृति का भी बहुत अच्छा उदाहरण है।' उन्होंने कहा कि 2003 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने इस एयरपोर्ट को मंजूरी दी थी, लेकिन एयरपोर्ट नहीं बना। केंद्र में कांग्रेस और यहां (उत्तर प्रदेश) की पहले की सरकारों ने सालों तक इस एयरपोर्ट की नींव तक नहीं पड़ने दी। 2004 से 2014 तक यह एयरपोर्ट फाइलों में ही दबा रहा।

### लॉकडाउन लगेगा या नहीं शाह ने साफ कर दी सरकार की मंशा, कई अफवाहों को खारिज किया

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मार्च।**

ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते सैन्य तनाव और वैश्विक अस्थिरता के बीच भारत में लॉकडाउन की चचाओं पर केंद्र सरकार ने पूर्ण विराम लगा दिया है। सोशल मीडिया और विभिन्न माध्यमों पर ईंधन की कमी के तर्क के साथ लॉकडाउन लगाए जाने की अफवाहों को सरकार ने सिरे से खारिज कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि देश में एलपीजी सिलेंडर या अन्य ईंधन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के कारण वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में आए उछाल के बावजूद भारत अपनी आपूर्ति श्रृंखला और कीमतों को स्थिर बनाए रखने में पूरी तरह सफल रहा है।

अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए कहा कि जब दुनिया भर में पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतें आसमान छू रही हैं, तब भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां कीमतों में वृद्धि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए आयात के स्त्रोतों का विस्तार किया है। पहले भारत अपनी ईंधन जरूरतों के लिए 27 देशों पर निर्भर था, लेकिन अब यह दायरा बढ़ाकर 42 देशों तक कर दिया गया है।



यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# जेवर एयरपोर्ट से यूपी को मिलेगी नई पहचान और रफ्तारः योगी

» जेवर, यूटर्न/ 28 मार्च।



उत्तर प्रदेश के जेवर में आज देश के एविएशन सेक्टर को नई ऊंचाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि यह एयरपोर्ट 'नए भारत' की बदलती तस्वीर का सशक्त उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट से यूपी को नई पहचान और रफ्तार मिलेगी। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश को वैश्विक कनेक्टिविटी के साथ विकास की नई दिशा देगा और प्रदेश को निवेश के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री ने पिछले एक दशक में केंद्र सरकार की नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि योजनाओं को केवल कागजों तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि उन्हें जमीन पर उतारकर परिणाम भी दिए गए। उन्होंने पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों और आपूर्ति को लेकर केंद्र सरकार के फैसलों को उल्लेखनीय बताते हुए कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत में कीमतों को नियंत्रित रखना और सप्लाई चेन को सुचारु बनाए रखना बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले जिन हालातों में उत्तर प्रदेश विकास की दौड़ में पिछड़ गया था, आज वही प्रदेश तेजी से आगे बढ़ते हुए नई पहचान बना रहा है।

मुख्यमंत्री के अनुसार, बीते वर्षों में कानून-व्यवस्था और बुनियादी ढांचे में सुधार ने राज्य को निवेश के लिए अनुकूल बनाया है। योगी ने यह भी बताया कि इस परियोजना का शिलान्यास नवंबर 2021 में हुआ था और अब पहले चरण का उद्घाटन हो चुका है, जो 'डबल इंजन' सरकार की तेज कार्यशैली को दर्शाता है—जहां योजनाएं समयबद्ध तरीके से पूरी होती हैं। रामनवमी के उत्सव का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश में जहां एक ओर सांस्कृतिक उल्लास है, वहीं वैश्विक स्तर पर कई देशों में आर्थिक चुनौतियां देखी जा रही हैं।

इसके बावजूद भारत ने स्थिरता और संतुलन बनाए रखा है, जो केंद्र की दूरदर्शी नीतियों का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जेवर एयरपोर्ट आने वाले समय में उत्तर प्रदेश के विकास की धुरी साबित होगा और रोजगार व निवेश के नए अवसर पैदा करेगा। मुख्यमंत्री ने जेवर एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश को ग्लोबल कनेक्टिविटी का एक केंद्र बनाते हुए कहा कि यमुना एक्सप्रेसवे और भविष्य में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरिफेरल वे, गंगा एक्सप्रेसवे, आरआरटीएस, दिल्ली-वाराणसी हाई स्पीड रेल लाइन जैसे नेटवर्क को जोड़ते हुए प्रदेश को स्केल, स्पीड के साथ विकास की एक नई ऊंचाई तक ले जाने का कार्य भी करेगा।

# असम में चुनाव नतीजों के बाद कांग्रेस एक ही कम्युनिटी की पार्टी बन जाएगीः सीएम सरमा


» गुवाहाटी, यूटर्न/ 28 मार्च।



असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस पर सिर्फ एक समुदाय की पार्टी होने का आरोप लगाया। हिमंता ने कहा कि करीब 99 फीसदी हिंदू कांग्रेस छोड़ना चाहते हैं। राज्य में इसके टूटने का प्रोसेस पहले ही शुरू हो चुका है। नतीजों के बाद कांग्रेस एक ही कम्युनिटी की पार्टी बन जाएगी। असम में 9 अप्रैल को सिंगल फेज में चुनाव हैं। 30 मार्च को पीएम मोदी नमो ऐप के जरिए एक रैली को वर्चुअली संबोधित करेंगे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राज्य बीजेपी ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओ और नागरिकों से इस अनोखी और इंटरैक्टिव पहल में हिस्सा लेने के लिए ऐप डाउनलोड करके रजिस्टर करने की बात कही है। असम में 126 सीटों वाली विधानसभा के लिए मौजूदा बीजेपी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार और कांग्रेस के बीच मुकाबला होगा। सरमा के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार लगातार तीसरा कार्यकाल हासिल करने की कोशिश करेगी जबकि कांग्रेस का लक्ष्य सत्ता में फिर वापसी का है।

# आईपीएल के वीआईपी टिकट को लेकर नेताओं के बीच विवाद होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण : शाहनवाज हुसैन



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मार्च।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 शनिवार से शुरू हो रहा है। इसे लेकर कर्नाटक में वीआईपी टिकट को लेकर सियासी घमासान छिड़ गया है। इस मुद्दे पर अब राष्ट्रीय स्तर पर भी बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि आईपीएल एक ऐसा टूर्नामेंट है जिसे देशभर के लोग बड़े उत्साह से देखते हैं, लेकिन इसे लेकर नेताओं के बीच विवाद होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने खास तौर पर डीके शिवकुमार और सिद्दारमैया का जिक्र करते हुए कहा कि आईपीएल के नाम पर इस तरह की खींचतान ठीक नहीं है। भाजपा प्रवक्ता आरपी सिंह ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस की संस्कृति और डीएनए का हिस्सा है, जो बार-बार सामने आता है। यह एक वंशवादी सोच है, जिसमें यह माना जाता है कि हम शासक हैं और जो हम करेंगे वही सही है। उन्होंने यह भी कहा कि आम लोगों की अनदेखी की जाती है, जबकि खुद वह दिल्ली क्रिकेट बोर्ड के सदस्य होने के बावजूद लाइन में खड़े होकर टिकट लेते हैं। वहीं, भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता की सेवा के लिए चुने जाते हैं। ऐसे में अगर किसी कार्यक्रम के आयोजक अपनी नीति के अनुसार टिकट बांटते हैं, तो वह उचित है। लेकिन खुद को वीआईपी बताकर विशेष सुविधा मांगना सही नहीं है। दरअसल, यह विवाद तब शुरू हुआ, जब कर्नाटक में कांग्रेस विधायकों ने आईपीएल 2026 के मैचों के लिए मुफ्त वीआईपी टिकट और अलग बैठने की व्यवस्था की मांग की। इस मांग के सामने आने के बाद मामला गहराता जा रहा है और अब इसे लेकर पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है।

# हरियाणा में 4,032 सरकारी पेट्रोल पंप सक्रिय : सीएम नायब सैनी

**चंडीगढ़, यूटर्न/ 28 मार्च।** हरियाणा में ईंधन और गैस की उपलब्धता को लेकर प्रदेश सरकार ने स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण में बताया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को जानकारी दी कि राज्यभर में 4,032 सरकारी पेट्रोल पंप संचालित हो रहे हैं। इन पंपों पर रोजाना औसतन 4,804 किलोलीटर पेट्रोल और 12,003 किलोलीटर डीजल की बिक्री हो रही है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा को प्रतिदिन करीब 2 लाख गैस सिलेंडर मिल रहे हैं, जबकि लगभग 1.90 लाख सिलेंडर उपभोक्ताओं तक पहुंचाए जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई भी लगातार बनाए रखी जा रही है। फिलहाल राज्य में 1.73 लाख कमर्शियल गैस सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष कदम उठा रही है कि अस्पतालों, स्कूलों और अन्य जरूरी संस्थानों में गैस की कोई कमी न हो। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने कमर्शियल एलपीजी सेक्टर के लिए 70 प्रतिशत आवंटन का ढांचा तय किया है, वहीं घरेलू एलपीजी उत्पादन में 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है, ताकि आयात पर निर्भरता कम हो सके। सीएम सैनी ने कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ सख्त चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, उन्होंने पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) को लेकर भी बड़ा फैसला बताया। पहले पाइपलाइन बिछाने के लिए 10 साल का अग्रिम भुगतान करते हुए प्रति किलोमीटर 3 लाख रुपए का लीज रेट लिया जाता था, जिसे अब घटाकर एकमुश्त 1,000 रुपए प्रति किलोमीटर कर दिया गया है।



# इंडिया गेट-कर्तव्य पथ पर भीड़ कम करने के लिए सख्ती शुरू, रेड लाइट कैमरों से होगा चालान

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मार्च।** राजधानी के प्रमुख पर्यटन स्थलों इंडिया गेट और कर्तव्य पथ के आसपास बढ़ती भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने भीड़ कम करने का अभियान शुरू किया है। गर्मी के दिनों में यहां छात्रों, परिवारों और पर्यटकों की संख्या बढ़ने के कारण यह कदम उठाया गया है।

ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, मार्च 2026 में इस इलाके में कुल 2253 चालान किए गए। इनमें 1720 चालान अवैध पार्किंग के लिए, 293 कैमरे के जरिए, 180 वाहनों को टो किया गया, जबकि 60 चालान बिना हेलमेट के किए गए।



यातायात नियमों के पालन को सख्ती से लागू करने के लिए प्रमुख चौराहों पर रेड लाइट वॉयलेशन डिटेक्शन कैमरे लगाए जा रहे हैं। ये कैमरे मथुरा रोड-भैरों मार्ग, रिंग रोड-भैरों रोड और जनपथ-टॉलस्टॉय मार्ग पर स्थापित किए जा रहे हैं, जो रेड लाइट तोड़ने वालों का स्वतः चालान करेंगे।

पुलिस ने वायलेशन ऑन कैमरा प्रणाली भी लागू की है। इसके तहत यदि कोई वाहन नो-पार्किंग में खड़ा पाया जाता है या नियमों का उल्लंघन करता है, तो पुलिसकर्मी मोबाइल के जरिए चालान जारी कर सकता है। इसके बाद संबंधित व्यक्ति को जुमार्ना भरने के लिए कोर्ट में पेश होना होगा। पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रशासन ने कई सार्वजनिक पार्किंग स्थल निर्धारित किए हैं। मान सिंह रोड पर नेशनल म्यूजियम के पास पी1 और पी2, जनपथ पर पी5 और रफी मार्ग पर पी6 पार्किंग उपलब्ध है। पी1 पार्किंग में बसों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है, जबकि अन्य पार्किंग स्थलों पर दोपहिया और चारपहिया वाहन खड़े किए जा सकते हैं। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे सड़क किनारे या फुटपाथ पर वाहन पार्क न करें और निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे। साथ ही, किसी भी सहायता के लिए नागरिक 112 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं या नजदीकी ट्रैफिक पुलिसकर्मी से मार्गदर्शन ले सकते हैं।

# वैश्विक संकट के बीच मोदी सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज एक्साइज ड्यूटी कम कर जनता को दी राहत : रीतिक वधवा

» राजेश सलूजा



हरियाणा, यूटर्न/ 28 मार्च। केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल पर 10 (13 से घटाकर 3) और डीजल पर 10 (10 से घटाकर शून्य) एक्साइज ड्यूटी कम करने का निर्णय 'जन-केंद्रित और संवेदनशील' है। वैश्विक स्तर पर ईंधन संकट के बीच माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम करके आम जनता को बड़ी राहत देने का काम किया है" उक्त शब्द भाजपा के पूर्व प्रदेश सह मीडिया प्रमुख रीतिक वधवा ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम करने जैसी दूरदर्शी और जनहितैषी नीतियों के लिए प्रधानमंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहे" उन्होंने कहा कि जहां पूरी दुनिया में ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं, वहां सरकार ने जनता का बोझ कम करने का साहसिक कदम उठाया है।यह कटौती मोदी सरकार की संवेदनशीलता को दशार्ती है।एक वेलफेयर सरकार वही होती है जो कठिन समय में जनता के साथ खड़ी रहती है, उनकी समस्याओं को समझती है और समय पर ठोस कदम उठाती है।उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने एक बार फिर साबित किया है कि देशहित और जनहित सर्वोपरि है। यह निर्णय आम आदमी, किसानों, व्यापारियों और मध्यम वर्ग—सभी के लिए राहत लेकर आया है। उन्होंने कहा कि ऐसी दूरदर्शी और जनहितैषी नीतियों के लिए प्रधानमंत्री जी का हृदय से आभार। किसान मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक तिगड़ी ,अजीत तिगड़ी, भूपेंद्र तिगड़ी, एडवोकेट संदीप यादव, रामकिशन यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक दूल्हेडी ,डॉ हरीश गोस्वामी ,राजीव शर्मा, सुनील यादव, एडवोकेट राकेश वत्स ,दलवीर, , सुरेंद्र , कृष्ण यादव , पंकज कुमार, मनीष कुमार, नवीन कुमार, हेमंत , ढिल्लू देवसर , डॉ. योगेश , पंकज तिलक ,राजेश गाबा ,अरविंद, राजन , दीपक कुमार शिवदत्त चांदना , नरेंद्र कुमार सनी अमित कमार सहित अनेक कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम करने के निर्णय का स्वागत किया.

# दिल्ली एयरपोर्ट पर इंडिगो विमान की इमरजेंसी लैंडिंग, बड़ा हादसा टला

## रनवे-28 पर फुल इमरजेंसी लागू, इंजन में तकनीकी खराबी के चलते पायलट ने लिया एहतियाती फैसला

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मार्च।

राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब इंडिगो की विशाखापट्टनम से आ रही एक उड़ान को आपातकालीन स्थिति में उतारना पड़ा। विमान में संभावित इंजन खराबी की आशंका के चलते पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए इमरजेंसी लैंडिंग का निर्णय लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विमान ने सुबह विशाखापट्टनम से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। उड़ान सामान्य रूप से जारी थी, लेकिन दिल्ली पहुंचने से कुछ समय पहले पायलट को इंजन में तकनीकी खराबी का संकेत मिला। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल



(एटीसी) को सूचित किया गया और इमरजेंसी प्रोटोकॉल लागू कर दिया गया। एयरपोर्ट प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए रनवे नंबर-28 को पूरी तरह खाली करा लिया। साथ ही दमकल की गाड़ियां, एंबुलेंस और मेडिकल टीमों को रनवे के पास तैनात कर दिया गया।

इसी के साथ पूरे क्षेत्र में 'फुल इमरजेंसी' घोषित कर दी गई थी, ताकि किसी भी संभावित खतरे से निपटा जा सके। पायलट की कुशलता और ग्राउंड स्टाफ के समन्वय से विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। विमान के सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित बताए जा रहे हैं। लैंडिंग के बाद यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और उनकी स्थिति सामान्य पाई गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इंजन में तकनीकी खराबी या संभावित इंजन फेलियर इस इमरजेंसी का कारण हो सकता है। हालांकि, विमानन अधिकारियों ने ऐसे किसी खराबी या अन्य वजह की पुष्टि नहीं की है, मामले की विस्तृत जांच के आदेश दे दिए गए हैं। बहरहाल समय पर लिए गए फैसलों और सतर्कता के चलते एक संभावित बड़ा हादसा टल गया, जिससे यात्रियों और उनके परिजनों ने राहत की सांस ली।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# युवाओं के विचारों और नवाचारों को शासन प्रणाली में शामिल करेगी सरकार : रेखा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मार्च।**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि दिल्ली सरकार युवाओं के विचारों तथा नवाचारों को शासन प्रणाली से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि तकनीक के माध्यम से नागरिकों का जीवन अधिक सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा सके।

श्रीमती गुप्ता ने आज यहां इंडिया इनोवेट्स 2026 - दुनिया का सबसे बड़ा हैकाथॉन नाम के बड़े आयोजन में भाग लेकर देशभर से आए युवाओं का उत्साह बढ़ाया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि




यहां मौजूद युवा केवल तकनीक तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे शहरों को बेहतर बनाने, लोकतंत्र को मजबूत करने और समाज को ज्यादा सक्षम बनाने के लिए ठोस समाधान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह वही पीढ़ी है जो विचारों को नवाचार में बदलने की क्षमता रखती है। देश के कोने-कोने से आए प्रतिभाशाली युवाओं की ऊर्जा, कौशल और संकल्प भारत की सबसे बड़ी पूंजी है।

भारत को विश्व में एक युवा देश के रूप में जाना जाता है, जहां 60 प्रतिशत से अधिक आबादी युवा है। इतनी बड़ी जनसंख्या भारत की सबसे बड़ी ताकत है और यही युवा देश को वैश्विक मंच पर नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस हैकाथॉन में एक करोड़ से अधिक प्रतिभागियों में से चयनित 5000 से अधिक युवा वास्तव में भारत के डिजिटल भविष्य का प्रतिनिधित्व करते हैं और इनकी सोच आने वाले समय में शासन, समाज और अर्थव्यवस्था की दिशा तय करेगी। उन्होंने युवाओं से दिल्ली 2.0 के निर्माण का आ'ान किया। उन्होंने कहा कि ऐसी दिल्ली का निर्माण किया जाना चाहिए जो इनोवेशन से प्रेरित हो, इंक्लूजन से सशक्त हो और जहां तकनीक के साथ-साथ विश्वास को भी समान महत्व दिया जाए। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली सरकार युवाओं के विचारों और नवाचारों को शासन प्रणाली से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि तकनीक के माध्यम से नागरिकों का जीवन अधिक सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा सके।




# रिफाइनरी प्रबंधन ने 280 मेधावी छात्र छात्राओं को किया सम्मानित

» **निर्मल सिंह**

पानीपत, यूटर्न 28 मार्च। इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड, पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) के कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, श्री एस. एल. डहरिया ने दिनांक 28 मार्च 2026 को पानीपत रिफाइनरी टाउनशिप में आयोजित एक भव्य समारोह में 'पीआरपीसी मेधावी छात्रवृत्ति योजना' के अंतर्गत आसपास के 14 गाँव के 280 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। यह सम्मान आसपास के गांवों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ने, उन्हें प्रोत्साहित करने एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रदान किया गया।

इस अवसर पर श्री डहरिया ने पीआरपीसी के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री ओम प्रकाश, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री संजय कुमार तथा ग्राम सरपंचों की गरिमामयी उपस्थिति में सभी चयनित छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी सरपंचों का पारंपरिक तरीके से स्वागत भी किया गया। वहीं, श्री विवेक शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक ने 'पीआरपीसी मेधावी छात्रवृत्ति योजना' की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। अपने संबोधन में श्री डहरिया ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए उन्हें बड़े सपने देखने, उच्च शिक्षा प्राप्त करने और आत्मनिर्भर बनकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इंडियनऑयल न केवल देश को स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल जैसे क्षेत्रों में भी विभिन्न जनकल्याणकारी पहल के माध्यम से समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने जिले, प्रदेश एवं देश के विकास में ग्राम सरपंचों द्वारा दिए जा रहे सतत एवं समर्पित सहयोग की सराहना की और आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी उनका सहयोग इसी प्रकार मिलता रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित गाँव के सरपंचगण एवं अध्यापको द्वारा रिफाइनरी प्रबन्धन का इस पहल के लिए आभार प्रकट किया गया।

# दिल्ली पुलिस ने ई-सिगरेट तस्करी के बड़े नेटवर्क का किया भंडाफोड़

## *2,073 प्रतिबंधित यूनिट्स जब्त*

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मार्च।**

दिल्ली पुलिस के मादक पदार्थ निरोधी कार्य बल (एएनटीई) ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर 2,073 प्रतिबंधित ई-सिगरेट का एक बड़ा जखीरा जब्त किया है, जिनकी भारतीय बाजार में कीमत 27 लाख रुपये से अधिक है।

एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक जांच 25 मार्च को तब शुरू हुई जब एक अधिकारी को दक्षिण दिल्ली के सीआर पार्क में एक पान की दुकान पर ई-सिगरेट की अवैध बिक्री और भंडारण के बारे में एक गुप्त सूचना मिली।

पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) राहुल अलवाल ने बताया, 'एक टीम ने वहां छापा मारा, जहां उन्हें दुकान के प्रबंधक विकास (33) के पास से 53 ई-सिगरेट मिलीं।

' पुलिस ने बताया कि मामले की जांच करते हुए टीम ने दुकान के 25 वर्षीय मालिक ऋत्विक बहल को उसके ग्रेटर कैलाश स्थित घर से पकड़ा, जहां से 20 और ई-सिगरेट बरामद की गईं। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) ने बताया, 'दोनों आरोपियों ने अपने आपूर्तिकर्ता हरियाणा के बल्लभगढ़ के रहने वाले 24 वर्षीय जीशान उर्फ जस्सू के बारे में बताया।

पुलिस उसे पकड़ने उसके घर पहुंची, जहां 20 कार्टन में पैक की गई 2,000 यूनिट्स जब्त की गईं।' उन्होंने पूछताछ के दौरान कबूल किया कि वे आसानी से होने वाले



- **पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) राहुल अलवाल ने बताया, 'एक टीम ने वहां छापा मारा, जहां उन्हें दुकान के प्रबंधक विकास (33) के पास से 53 ई-सिगरेट मिलीं।**
- **पुलिस उसे पकड़ने उसके घर पहुंची, जहां 20 कार्टन में पैक की गई 2,000 यूनिट्स जब्त की गईं।' उन्होंने पूछताछ के दौरान कबूल किया कि वे आसानी से होने वाले मुनाफे से प्रेरित थे।**

मुनाफे से प्रेरित थे।

जीशान ई-सिगरेट 800-900 रुपये प्रति यूनिट के हिसाब से खरीदता था और 50-100 रुपये के मुनाफे पर बेचता था, जबकि खुदरा विक्रेता प्रति यूनिट 150-200 रुपये अतिरिक्त वसूलते थे। अधिकारी ने बताया, 'इन तीनों लोगों का पहले कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है और उनसे पूछताछ की जा रही है।' एएनटीएफ ने 'इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम, 2019' के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की है।

# प्रभात फेरी में बजरंगबली के भजनों का किया गुणगान लोगों को श्री हनुमान जन्मोत्सव का दिया न्योता

» **हरियाणा, यूटर्न/ 28 मार्च।**

मेन बाजार चौक में स्थित श्री सनातन धर्म हनुमान मंदिर बरवाला में श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। इस हनुमान जन्मोत्सव को लेकर बरवाला शहर में प्रभात फेरी निकाली जा रही है। मंदिर कमेटी के प्रधान मदन लाल गिरधर और मंच संचालक सतीश काठपाल ने बताया कि इस प्रभात फेरी के माध्यम से लोगों को इस हनुमान जन्मोत्सव के तहत हनुमान मंदिर में चल रहे 71000 श्री हनुमान चालीसा पाठ और 2 अप्रैल सांय 4 बजे श्री सुंदर कांड पाठ आरंभ तथा सांय 6 बजे बाहर से आए भजन कलाकारों द्वारा किए जाने वाले संकीर्तन में अधिक भागीदारी हेतु न्योता दिया जा रहा है। यह प्रभात फेरी बरवाला शहर के अनेक वार्डो 3, 4, 5 व 6 में निकाली गई। इस प्रभात फेरी में जे.के. चानना और सतीश काठपाल तथा प्रधान मदन लाल गिरधर द्वारा अपने-अपने मधुर कंठ से बजरंगबली के भजनों का



गुणगान किया गया। 2 अप्रैल को होने वाले श्री सुंदर कांड पाठ और संकीर्तन में मुख्य अतिथि के रूप में मार्केट कमेटी के चेयरमैन प्रवीण सैनी और पूर्व पार्षद पुनीत जावा तथा युवा भाजपा नेता राहुल चोपड़ा द्वारा शिरकत की जाएगी तथा अध्यक्षता मंदिर कमेटी के प्रधान मदन लाल गिरधर द्वारा की जायेगी। 2 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव में अमृतसर से आए भजन कलाकार नूर जोली और हिसार से तनु श्री द्वारा अपनी मधुर वाणी से बजरंगबली के भजनों का गुणगान किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधान मदन लाल गिरधर मखंड वाले, जे.के.चानना, सतीश काठपाल, मदन पोपली, सतीश पठनेजा, सुनील सरदाना चेयरमैन ट्रस्ट, किशोरीलाल चावला, कश्मीरी लाल चोपड़ा, विजय बब्बर, राजू शर्मा, अनु भाटिया, मदन पिलानी, पुनीत सरदाना, राजबीर व राजू सरदाना समेत अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

# देश के तीर्थ स्थलों के निशुल्क दर्शन और यात्रा करवा रही है प्रदेश सरकार: सुभाष सुधा



**अश्विनी वालिया /कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 28 मार्च।** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि देश के तीर्थ स्थलों के निशुल्क दर्शन और यात्रा प्रदेश सरकार की तरफ से करवाई जा रही है। यह यात्रा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत करवाई गई है। इस योजना के अंतर्गत कुरुक्षेत्र से 32 श्रद्धालु अयोध्या तीर्थ यात्रा के लिए गए हैं। अहम पहलू है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अंबाला से अयोध्या के लिए विशेष भारत गौरव ट्रेन को हरी झंडी देकर रवाना किया है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा शनिवार को कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर बोल रहे थे। इस विशेष ट्रेन का कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा के जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी ने स्वागत किया। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी ने हरी झंडी दिखाकर मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत अयोध्या के लिए कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन से भारत गौरव ट्रेन में श्रद्धालुओं को रवाना किया।

## संक्षिप्त खबरें

### एजेंसियों पर अभी भी सिलिंडर के लिए कतार

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 28 मार्च।** प्रशासन और कंपनियों के दावों के बावजूद लोगों को सिलिंडर के लिए परेशान होना पड़ रहा है। सिलिंडर न तो ऑनलाइन बुक हो रहे और जब गैस एजेंसी पर पहुंच रहे हैं तो वहां पर भी कतार लग रही है। विजयनगर निवासी पार्थ लोहानी ने बताया कि उन्होंने 25 फरवरी को अंतिम बार सिलिंडर लिया था। उसके बाद से लगातार बुकिंग की कोशिश कर रहे हैं लेकिन सिलिंडर बुक नहीं हो रहा है। मिस्ड कॉल से न ही एसएमएस और अन्य माध्यमों से बुकिंग हो रही है। वहीं, एजेंसी संचालकों का कहना है कि सर्वर डाउन के कारण परेशानी हो रही है।

### खुले में डीजल-पेट्रोल न देने के आदेश पर असमंजस

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 28 मार्च।** पेट्रोल पंपों पर खुले में डीजल-पेट्रोल न देने के जिलाधिकारी के आदेश के बाद असमंजस की स्थिति रही। पेट्रोल पंप संचालकों और डीजल लेने पहुंचे लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। किसानों और डीजी सेट चलाने के लिए जो लोग केन या ड्रम में तेल लेने पहुंचे तो पंप संचालक ने डीजल देने से मना कर दिया।

### कुत्ते ने किया हमला, तालाब में गिरा बुजुर्ग

**खोड़ा, यूटर्न/ 28 मार्च।** लावारिस कुत्ते के हमले से बचते समय 65 वर्षीय बुजुर्ग धर्मपाल तालाब में गिरकर कीचड़ में फंस गए। हादसा खोड़ा थानाक्षेत्र के पहले पुश्ते का है। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने बुजुर्ग को सुरक्षित बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात करीब 8:30 बजे पहला पुश्ता स्थित तालाब में बुजुर्ग व्यक्ति के गिरने की सूचना आई थी। टीम को मौके पर भेजा गया। टीम ने करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद रस्सी में बांधकर बुजुर्ग को बाहर निकाला। सीएफओ ने बताया कि बुजुर्ग नशे में भी थे। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह मूलरूप से एटा के रहने वाले हैं। खोड़ा में रहकर वह मजदूरी करते हैं। वह कुत्ते के हमले से बचने का प्रयास कर रहे थे तभी तालाब में गिर गए। सीएफओ ने बताया कि अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बुजुर्ग को वापस घर भेज दिया गया है।

### नंदग्राम भूखंडीय योजना में 77 प्लॉटों पर 750 आवेदक

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 28 मार्च।** जीडीए की नंदग्राम भूखंडीय योजना में 25 मार्च तक 750 लोगों ने आवेदन किया है। चार अप्रैल को ई-लॉटरी से ड्रा निकालने की तिथि तय की गई है। योजना में कुल 77 भूखंड नियोजित किए गए हैं। हिंडन रिवर मेट्रो स्टेशन और गाजियाबाद नमो भारत स्टेशन से पांच से सात मिनट की दूरी पर नूरनगर स्थित इन भूखंडों के लिए लोगों की दिलचस्पी बढ़ गई है। जीडीए सचिव विवेक कुमार मिश्र ने बताया कि नंदग्राम में नूरनगर के खसरा संख्या 96-97 में 60 वर्ग मीटर से लेकर 221 वर्गमीटर के प्लॉट काटे गए हैं। पहले 25 मार्च को ई-लॉटरी के जरिये ड्रा निकाला जाना था। जीडीए ने अब इसकी तिथि चार अप्रैल कर दी है। जीडीए सचिव ने बताया कि 79 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर से दर तय की गई है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योजना के ब्रॉशर का विमोचन किया था। भूखंडीय योजना में सीवर, चौड़ी सड़क, पार्क और अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

## फटाफट खबरें

### मॉल में अवैध हुक्काबार पर छापा, चार गिरफ्तार

**कौशांबी, यूटर्न/ 28 मार्च।** थानाक्षेत्र स्थित मॉल में अवैध रूप से चल रहे हुक्का बार में छापा मारकर पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें बुलंदशहर के सनेती भाईपुर निवासी गोविंद चौहान, शिकारपुर का रहने वाला कुनाल शर्मा, मोदीनगर के नवीन और दिल्ली के करावल नगर निवासी गिरीश शामिल हैं। वहीं पुलिस के पहुंचते ही संचालक जितेंद्र यादव मौके से भाग गया। पुलिस ने मालिक समेत आठ लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि अवैध हुक्का-बार संचालित होने की शिकायत मिली थी। पहले एक व्यक्ति को भेजकर शिकायत की पुष्टि कराई गई। इसके बाद कौशांबी पुलिस मौके पर पहुंची। टीम ने आधा दर्जन हुक्के और भारी मात्रा में तंबाकू उत्पाद बरामद किए। वहीं, चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। चारों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि हुक्काबार के मालिक अमित चौधरी, पार्थ ठाकुर और सुधीर जायसवाल संयुक्त रूप से हैं। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में मालिक समेत सभी आठ लोगों को नामजद किया गया है। जल्द बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### निगम ने इंदिरापुरम में शुरू किया निर्माण कार्य

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 28 मार्च।** न्यायखंड एक में सुपरटेक आइकॉन सोसायटी के पास नगर निगम ने शुक्रवार को नाले का निर्माण फिर से शुरू कर दिया है। खराब रास्ते से गुजरने वाले लोगों को अब राहत मिलने की उम्मीद नजर आ रही है। स्थानीय लोगों की इस परेशानी को अमर उजाला ने प्रमुखता से उठाया था। खबर का संज्ञान लेकर अधिकारियों ने फिर से काम शुरू कराया है। नगर निगम ने सीवर लाइन के लिए सड़क को जगह-जगह से खोद कर टूटी-फूटी हालत में छोड़ दिया था। इससे यहां से गुजरने वाले लोगों को काफी परेशानी होती थी। जबकि दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया रहा था। निवासियों और यहां से गुजरने वाले लोगों की इस समस्या को अमर उजाला ने प्रमुखता से उठाया।

### फैक्टरी का ताला तोड़कर लाखों का सामान चोरी

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 28 मार्च।** लिंकरोड थानाक्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र साइट चार स्थित धीर एक्सपोर्ट फैक्टरी से चोरों ने लाखों रुपये के स्क्रैप व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी कर लिए। मामला 23 मार्च की रात का है। 24 मार्च की सुबह कंपनी के सुरक्षा गार्डों को टूटे ताले दिखे तब चोरी का पता चला।

# कैग रिपोर्ट में खुला यमुना की दुर्दशा का कच्चा चिट्ठा

**जल मंत्री बोले- सुधार के लिए शुरू हो चुका है काम**

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मार्च।**

पिछली आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान दिल्ली जल बोर्ड से जुड़ी कैग रिपोर्ट ने यमुना की हालत और शहर के पानी-सीवर सिस्टम की खामियों को उजागर किया है। विधानसभा में रिपोर्ट पर चर्चा के बाद सरकार ने सुधार के लिए एक्शन मोड में आने का दावा किया है। यमुना की खराब हालत और पानी-सीवर व्यवस्था की कमजोरियों को लेकर कैग रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने रखे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 200 एमजीडी से ज्यादा बिना ट्रीटमेंट का सीवेज सीधे यमुना में जा रहा है, जबकि 1000 से अधिक कॉलोनियां अब भी सीवर नेटवर्क से बाहर हैं। इस मुद्दे पर जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने माना कि वर्षों से चली आ रही व्यवस्थागत कमियों के कारण हालात बिगड़े हैं, लेकिन अब सरकार ने सुधार के लिए ठोस और समयबद्ध योजना पर काम शुरू कर दिया है।

**200 एमजीडी पानी अब भी नहीं मिल रहा:** मंत्री ने कहा कि दिल्ली को करीब 1200 एमजीडी पानी की जरूरत है, जबकि सप्लाई लगभग 1000



एमजीडी ही हो रही है। इसके अलावा नॉन-रेवेन्यू वाटर लॉस 45 से 53 फीसदी तक पहुंच गया है, जो सिस्टम की बड़ी कमजोरी को दिखाता है। करीब 30 लाख घरों में नियमित जल कनेक्शन नहीं होने से समस्या और बढ़ रही है।

**सीवेज ट्रीटमेंट क्षमता बढ़ाई जाएगी:** मंत्री ने कहा कि यमुना की सफाई का सबसे बड़ा रास्ता बिना ट्रीटमेंट वाले सीवेज को रोकना है। इसके लिए 35 नए और अपग्रेडेड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जाएंगे और ट्रीटमेंट क्षमता 1500 एमजीडी तक बढ़ाई जाएगी। नजफगढ़ नाले समेत बड़े नालों का इन-सीटू ट्रीटमेंट भी योजना में शामिल है। उन्होंने दावा किया कि अगले 2 से 2.5 साल में ट्रीटमेंट क्षमता जरूरत से ज्यादा हो जाएगी। सीवर नेटवर्क को लेकर भी सरकार ने बड़ा लक्ष्य रखा है। अभी करीब 20 लाख घर इससे बाहर हैं। सरकार 1799 अनधिकृत कॉलोनियों तक सीवर लाइन पहुंचाने की दिशा में काम कर रही है। पिछले एक साल में 180 किलोमीटर से ज्यादा नई लाइन बिछाई गई है और 400 से अधिक कॉलोनियों में काम जारी है। सेप्टिक टैंक सिस्टम में गड़बड़ियों को खत्म करने के लिए दिल्ली जल बोर्ड नई पारदर्शी व्यवस्था ला रहा है। इसमें डिजिटल बुकिंग और अपने टैंकर शामिल होंगे।

**जल बोर्ड को 4988 करोड़ का नुकसान:** विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने भी कैग रिपोर्ट के अहम बिंदु सदन में रखे। उन्होंने बताया कि जल नीति का अभाव, परियोजनाओं में देरी, भूजल प्रबंधन की कमी और करीब 4988 करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान जैसे गंभीर मुद्दे सामने आए हैं। अध्यक्ष ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि रिपोर्ट पर तय समय में एक्शन टेकन नोट दें, ताकि संबंधित समितियां जांच शुरू कर सकें। दिल्ली के सरकारी विश्वविद्यालयों की हालत पर कैग रिपोर्ट ने कई चौंकाने वाले तथ्य सामने रखे हैं।

## खुले नाले में गिरने से गई श्रमिक की जान

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 28 मार्च।** विजयनगर थाना क्षेत्र के लेबर चौक के नजदीक खुले नाले में रात के अंधेरे में एक मजदूर गिर गया। जब तक लोगों ने उसे नाले से निकाला, उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। औद्योगिक क्षेत्र में मजदूरी करके घर लौट रहा 32 वर्षीय युवक खुले नाले में गिर गया। नाले में गिरने के बाद मजदूर ने शोर मचाया। आसपास के लोग नाले के इर्द-गिर्द एकत्र हो गए और मौके पर यातायात पुलिस पहुंची। पुलिसकर्मियों ने डॉयल 112 और दमकल विभाग को सूचना दी। नाले में शोर मचा रहे मजदूर को बचाने के लिए लोग रस्सी बांधकर नाले में उतर गए। हालांकि जब तक मजदूर पानी में डूब गया था। कड़ी मशक्कत के बाद लोगों ने मजदूर की खोजबीन की और बाहर निकाला। मजदूर की पहचान वसीम(34) पुत्र सलीमन निवासी मवई विजयनगर के रूप में हुई। मौके पर पहुंची पुलिस गंभीर अवस्था में वसीम को जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां चिकित्सकों ने वसीम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।



**पांच बेटियों के सिर से उठा पिता का साया**

मूल रूप से लक्ष्मण नगर वारिसनगर थाना चंदौसी कोतवाली जनपद मुरादाबाद के रहने वाले वसीम तीन वर्ष पहले काम की तलाश में गाजियाबाद आए थे। मृतक की पत्नी सलमा ने बताया कि उनकी पांच बेटियां हैं और सबसे छोटी डेढ़ वर्ष की हैं। वसीम शराब पीने का आदी था। आसपास के लोगों ने बताया कि वसीम शराब के नशे में नाले के नजदीक बैठ गया था।

## डीजे बजाने को लेकर विवाद में दो पक्षों के बीच विवाद, चाकू से वार कर नाबालिग की हत्या, दोस्त घायल



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मार्च।** राजधानी दिल्ली के रानीबाग में एक शादी समारोह में डीजे बजाने को लेकर विवाद में दो पक्षों के बीच झगड़े में 17 साल के नाबालिग की हत्या कर दी गई, जबकि उसका दोस्त घायल हो गया। हमलावरों ने दोनों पर चाकू से हमला किया। मृतक की शिनाख्त निखिल यादव और घायल की पहचान सनी के रूप में हुई है।

बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि देर रात चाकूबाजी की घटना की जानकारी के बाद रानीबाग थाना पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक परिवार वाले घायलों को पास के अस्पताल ले जा चुके थे। अस्पताल में डॉक्टरों ने निखिल को मृत घोषित कर दिया। उसके सीने पर चाकू के घाव था। पूछताछ में मृतक के दोस्त ने बताया कि निखिल अपने साथियों के साथ रानी बाग स्थित एक शादी समारोह में गया था। जहां उनका दूसरे कुछ लड़कों से विवाद हो गया और दूसरे पक्ष ने निखिल और सनी पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्जकर लिया। पुलिस ने रात में दबिश देकर मुख्य आरोपी समेत सात नाबालिगों को पकड़ लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है।

## समय से पहले बंद हुए अस्पताल, मरीज परेशान

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 28 मार्च।**

राम नवमी के सार्वजनिक अवकाश के चलते शहर के सरकारी अस्पतालों में समय से पहले ओपीडी बंद होने से मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह से ही इलाज की उम्मीद लेकर पहुंचे कई लोग अस्पताल परिसर में भटकते नजर आए। कई मरीजों को यह जानकारी ही नहीं थी कि अवकाश के कारण ओपीडी का समय 11 बजे तक रहेगा। ऐसे में दूर-दराज से आए मरीजों को बिना इलाज के वापस लौटना पड़ा या फिर इमरजेंसी सेवाओं का सहारा लेना पड़ा। शुक्रवार को एमएमजी अस्पताल में कुल 1002 मरीजों का पंजीकरण हुआ। इनमें 418 महिलाएं, 167 बच्चे और 417 पुरुष शामिल रहे। संयुक्त अस्पताल में 118 मरीजों ने पंजीकरण कराया। सामान्य दिनों में एमएमजी अस्पताल में ढाई से तीन हजार और संयुक्त अस्पताल में 800 से एक हजार मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, लेकिन अवकाश के कारण यह संख्या काफी कम रही। इसके बावजूद सीमित समय में भी व्यवस्था



मरीजों के लिए पर्याप्त साबित नहीं हो सकी। अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे कई मरीजों ने बताया कि वे सुबह जल्दी घर से निकले थे, लेकिन लंबी कतार और सीमित समय के कारण उनकी बारी ही नहीं आ सकी। कुछ मरीजों ने आरोप लगाया कि उन्हें समय की जानकारी पहले से नहीं दी गई थी, जिससे उन्हें बेवजह परेशानी झेलनी पड़ी। खासतौर पर बुजुर्ग और छोटे बच्चों के साथ आए परिजनों को अधिक दिक्कत हुई।

**10:30 बजे पर्ची बनाने से कर दिया था इन्कार:** चिपियाना से एमएमजी अस्पताल में बुखार का इलाज कराने आईं संगीता ने बताया कि काउंटर पर 10:30 बजे पर्ची बनानी बंद कर दी थी। एक घंटा इंतजार के बाद इमरजेंसी में दवाई देकर कहा कि शनिवार को आकर जांच कराना।

**गर्दन में दर्द की नहीं हो पाई जांच:** संजय नगर स्थित संयुक्त अस्पताल में मुरादनगर से आई साजिया ने बताया कि उनके गर्दन में दर्द रहता है। डॉक्टर ने जांच के बाद एक्स-रे कराने की सलाह दी थी। वहां पर 11 बजते ही बताया कि अस्पताल बंद हो गया।

**इमरजेंसी में उपलब्ध थी सेवाएं:** एमएमजी अस्पताल के सीएमएस डॉ. राकेश कुमार का कहना है कि 11 बजे के बाद भी मरीजों के लिए इमरजेंसी सेवाएं उपलब्ध थीं और गंभीर मामलों का इलाज किया गया।

# 15 स्मार्ट ट्रैफिक बूथ से सुधरेगी जिले की यातायात व्यवस्था

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 28 मार्च।**

जिले की यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए व्यस्ततम चौराहों पर 15 स्मार्ट ट्रैफिक बूथ लगाए गए हैं। बूथों में ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (एएनपीआर) से लैस हैं। इस कैमरे से चौराहे से निकलने वाले प्रत्येक वाहन की नंबर प्लेट का ब्यौरा बूथ में रिकार्ड किया जाएगा। इसके साथ ही कंप्यूटर से नंबर प्लेट वाहन स्वामी और चालान की जानकारी यातायात पुलिस को कुछ सेकंड में प्राप्त होगी।

डीसीपी यातायात त्रिगुण बिसेन ने बताया कि सिंगापुर की तर्ज पर अतिव्यस्ततम चौराहों पर स्मार्ट ट्रैफिक



बूथ लगाए गए हैं। इनमें 24 घंटे सातों दिन यातायात पुलिस तैनात रहती है। सोलर से पैनल युक्त बूथ में दो पुलिसकर्मियों के बैठने की सुविधा है, जो इसमें लगे 307 एंगल पर लगे व्यू शीशे से वह चौराहे की प्रत्येक सड़क पर निगरानी रख सकते हैं। इन बूथों में लाउडस्पीकर भी लगा है। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन की नंबर प्लेट से लाउडस्पीकर से चौराहे पर तैनात पुलिसकर्मियों को मैसेज दिया जाएगा। इसके साथ ही ट्रैफिक नियमों और चौराहे की जानकारी के लिए बूथ पर इलेक्ट्रॉनिक पट्टी चलती रहेगी। एएनपीआर कैमरे से लैस स्मार्ट ट्रैफिक बूथ एआई तकनीक का उपयोग करके वाहनों की नंबर प्लेट को ऑटोमेटिक तरीके से पढ़ सकेंगे और रिकार्ड रखेंगे। ये ट्रैफिक प्रबंधन, चोरी हुई गाड़ियों को ट्रैक करने, टोल कलेक्शन और सुरक्षा के लिए उम्र पूरी कर चुके वाहनों को चिह्नित करेंगे।

### गर्मी और बरसात से होगा बचाव

गर्मी के दिनों में चौराहों पर तैनात पुलिसकर्मी पसीने से तरबतर रहते हैं। इसके साथ ही बरसात से बचाव के लिए भी ट्रैफिक पुलिस के लिए रेन कोट के अलावा कोई प्रबंध नहीं है। ऐसे में स्मार्ट ट्रैफिक बूथ पुलिसकर्मियों को गर्मी और बरसात से बचाएगा। इन बूथों को नेशनल हाईवे, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सहयोग से लगाया गया है।

### यहां लगाए गए स्मार्ट ट्रैफिक बूथ

स्मार्ट ट्रैफिक बूथ यूपी गेट, गौर ग्रीन एंट्री प्वाइंट, मॉडल टॉउन गाजियाबाद साइड, हिंडन गोल चक्कर, कनावनी गाजियाबाद साइड, विजयनगर टी प्वाइंट, तिगड़ी टी प्वाइंट, एबीईएस डीएमई एंट्री प्वाइंट, बीईएस लेफ्ट टर्न, लालकुआं, डासना डीएमई एंट्री प्वाइंट, रोटरी गोलचक्कर, पुलिस कमिश्नरेट मुख्यालय, हापुड़ चुंगी और चौधरी मोड़ पर लगाए गए हैं।

# डब्ल्यूटीओ के सदस्यों के बीच नवाचार और अवसरों का समान रूप से होना चाहिए बंटवारा : पीयूष गोयल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मार्च।**

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जोर देकर कहा कि डब्ल्यूटीओ में चल रही चर्चाओं में उरुग्वे राउंड से उत्पन्न असंतुलन को दूर करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों को उत्पादक क्षमता बढ़ाने, रोजगार सृजित करने और वैश्विक व्यापार में सार्थक भागीदारी सुनिश्चित करने का समान अवसर मिलना चाहिए। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली सुनिश्चित करे कि नवाचार, विकास और अवसर सभी डब्ल्यूटीओ सदस्यों के बीच समान रूप से साझा हों। उन्होंने यह भी कहा कि भारत रचनात्मक ढंग से जुड़ने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि डब्ल्यूटीओ वैश्विक व्यापार में केंद्रीय भूमिका निभाता रहे। गोयल, जो कैमरून के याउंडे में 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी 14) में भाग ले रहे हैं, ने इस कार्यक्रम के साइडलाइन पर कई विश्व नेताओं से भी मुलाकात की, जिनमें यूएस ट्रेड के प्रतिनिधि जैमिसन ग्रीर शामिल हैं। उन्होंने अपनी मुलाकात के बारे में कहा, 'डब्ल्यूटीओ एमसी 14 एजेंडा, भारत-अमेरिका बीटीए बातचीत के अगले कदमों पर विचार साझा किए और आर्थिक सहयोग और द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को और गहरा करने के उपायों का पता लगाया।'




इसके अलावा उन्होंने कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू से मुलाकात की और हाल ही में शुरू हुई भारत-कनाडा सीईपीए बातचीत की प्रगति की समीक्षा की तथा द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की।

न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्कले से मुलाकात में नेताओं ने एजेंडा की प्रगति पर विचार साझा किया और हाल ही में संपन्न भारत-न्यूजीलैंड एफटीए पर चल रहे कार्यों की समीक्षा की। गोयल ने कहा, 'द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ाने और आपसी हित के प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने के उपायों पर भी चर्चा हुई।' उन्होंने मोरोक्को के विदेश व्यापार सचिव ओमर हेजीरी से भी मुलाकात की और हमारे ऐतिहासिक साझेदारी को पुनः पुष्टि करते हुए द्विपक्षीय व्यापार और निवेश सहयोग को और मजबूत करने के उपायों का पता लगाया। इसके अलावा पीयूष गोयल ने सेंट विंसेंट एंड द ग्रेनाडाइन्स के विदेश मंत्री ड्विट ब्रांबले और जमैका की सेनटर व विदेश व्यापार मंत्री कैमिना स्मिथ से भी मुलाकात की।

## फटाफट खबरें

### जेवर एयरपोर्ट से यमुना एक्सप्रेस-वे के आसपास जमीन के दाम बढ़ने की उम्मीद

**नोएडा, यूटर्न/ 28 मार्च।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन से यमुना एक्सप्रेस-वे के आसपास जमीन के दाम बढ़ने के आसार हैं। बाजार विश्लेषकों और डेवलपरों का कहना है कि रिहायशी और औद्योगिक दोनों इकाइयों की कीमतों में इजाफा होगा जिसका असर नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बाजारों पर भी पड़ेगा। रियल एस्टेट सलाहकार फर्म कॉलियर्स के आंकड़ों के मुताबिक यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में अगले दो सालों में भूखंड के दाम करीब 28 फीसदी और अपार्टमेंट की कीमतें करीब 22 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है। जेवर भी इसी इलाके में स्थित है जहां नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन आज यानी शनिवार को होना है। रिपोर्ट के मुताबिक जेवर हवाई अड्डे की घोषणा 2021 में की गई थी। उसके बाद से ही इस क्षेत्र के रियल एस्टेट में काफी हलचल रही है। पिछले पांच सालों में यीडा इलाके के अपार्टमेंट की कीमतें करीब तीन गुना बढ़ चुकी हैं। कीमतें 2020 में 3200 रुपए प्रति वर्ग फुट से बढ़कर 2025 में 9,600 रुपए प्रति वर्ग फुट दर्ज की गईं।

### औद्योगिक सेक्टर के लिए राज्यों को वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन का कोटा बढ़ा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मार्च।** केंद्र सरकार ने इस्पात और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों समेत तमाम औद्योगिक जरूरतों को पूरा करने के लिए राज्यों को वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन में 20 फीसदी की और वृद्धि की है। इससे अब यह कोटा युद्ध से पहले की मांग का 70 फीसदी हो गया है। पेट्रोलियम सचिव नीरज मित्तल ने राज्य के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में कहा कि अतिरिक्त आपूर्ति इस्पात, ऑटोमोबाइल, कपड़ा, डाई, रसायन और प्लास्टिक जैसे श्रम वाले उद्योगों को प्राथमिकता दी जाएगी, क्योंकि इनसे ही अन्य कई जरुरत क्षेत्र जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा 50 फीसदी आवंटन के अतिरिक्त अब 20 फीसदी और गैस दी जाएगी, जिससे कुल वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन गैर-घरेलू एलपीजी के युद्ध से पहले की मांग का 70 फीसदी हो जाएगा। तेल मंत्रालय ने इस महीने की शुरूआत में तीन अलग-अलग निर्देशों के जरिए राज्यों को युद्ध-पूर्व वाणिज्यिक एलपीजी कोटे का 40 फीसदी आवंटित किया था।

## ईंधन बचाने वाली 5 पेट्रोल-हाइब्रिड कारें बाजार में उपलब्ध

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मार्च।** पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के बीच अब बाजार में पेट्रोल-हाइब्रिड कारें आ चुकी हैं, जो माइलेज के मामले में डीजल को भी टक्कर देती हैं। इनमें पेट्रोल इंजन के साथ स्मार्ट इलेक्ट्रिक मोटर होती है, जो ईंधन की बचत करती है। मारुति सुजुकी विक्टोरिस इस लिस्ट में सबसे आगे है। यह कार एक लीटर पेट्रोल में 28.6 किमी तक चलती है। 1.5-लीटर पेट्रोल इंजन और इलेक्ट्रिक मोटर का कॉम्बिनेशन लंबी ट्रिप के लिए इको, नॉर्मल और पावर तीन ड्राइविंग मोड देता है। होंडा सिटी हाइब्रिड 1.5-लीटर इंजन और दो इलेक्ट्रिक मोटरों से 125बीएचपी पावर देती है और 26.5 किमी प्रति लीटर का माइलेज देती है। इसमें लेन वॉच असिस्ट जैसे स्मार्ट फीचर्स सुरक्षा में मदद करते हैं। बड़ी फैमिली के लिए टोयोटा इनोवा हाइक्रॉस हाइब्रिड 23.24 किमी प्रति लीटर का माइलेज देती है। इसका 2.0-लीटर इंजन फैमिली और सामान के साथ भी हाईवे पर दमदार प्रदर्शन करता है।

## नए फोन रियलमी 16 5जी जल्द होगा लॉन्च

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मार्च।**

चायनीज कंपनी रियलमली जल्द ही अपने नए फोन रियलमी 16 5जी को लॉन्च करने जा रही है, जिसमें भारत का पहला सेल्फी मिरर फीचर दिया गया है। इसे 'सेल्फी मिरर फोन' के नाम से टीज किया गया है। अब यूजर पीछे वाले कैमरे से भी आसानी से शानदार सेल्फी ले सकेंगे। फोन के रियर कैमरा मॉड्यूल के साथ एक छोटा मिरर जुड़ा होगा, जिससे खुद को देखकर हाई क्वालिटी फोटो क्लिक की जा सकेगी। रियलमी 16 5जी का डिजाइन भी यूनिक और प्रीमियम बताया जा रहा है। पीछे की तरफ लंबा कैमरा बार दिया गया है, जो पिक्सल और आईफोन जैसी याद दिलाता है। कंपनी इसे 'एयर डिजाइन' कह रही है, यानी फोन हल्का और पकड़ने में आरामदायक रहेगा। कलर चेंजिंग फिनिश इसे और स्टाइलिश बनाती है। फोन के कैमरा सेटअप पर खास फोकस है। इसमें 50एमपी का सोनी आईएमएक्स 852 मेन कैमरा और 2एमपी सेकेंडरी सेंसर दिए जाने की संभावना है। साथ ही 50एमपी का फ्रंट कैमरा भी मिलेगा। सेल्फी मिरर फीचर के साथ यह सेटअप यूजर्स को नया डिजिटल अनुभव देगा। परफॉर्मेंस के लिए फोन में मीडियाटेक डायमेंसिटी 6400 टर्बो प्रोसेसर का इस्तेमाल हो सकता है।



रियलमी 16 5जी में 7000 एमएएच की बड़ी बैटरी और 60वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट भी मिलने की उम्मीद है। 6.57 इंच का अमोलेड डिस्प्ले 120एचझेड रिफ्रेश रेट के साथ आएगा। इसके अलावा आईपी66, आईपी68 और आईपी69 रेटिंग के साथ यह पानी और धूल से भी सुरक्षित रहेगा। अनुमान है कि फोन की कीमत 40,000 से 45,000 रुपए के बीच हो सकती है। कंपनी ने अभी लॉन्च डेट और ऑफिशियल कीमत का खुलासा नहीं किया है, लेकिन अप्रैल 2026 तक इसे बाजार में लाने की संभावना जताई जा रही है।

## भारत के लिए ईरानी कच्चे तेल की आपूर्ति सीमित, चीन बन रहा प्राथमिक खरीदार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मार्च।**

भारतीय रिफाइनरियों के लिए ईरानी कच्चा तेल अब उपलब्ध तो है, लेकिन मात्रा बेहद सीमित और समय-सीमा बहुत संकीर्ण है। वॉशिंगटन द्वारा फ्लोटिंग स्टोरेज और ट्रांजिट में मौजूद ईरानी तेल की बिक्री के लिए हालिया छूट देने के बाद इसका रुख बदल गया है, और अधिकांश तेल चीन की ओर जा रहा है। भारत मार्च और अप्रैल में डिलीवरी के लिए रूस से स्टोरेज में मौजूद 100 मिलियन बैरल तेल का 60 फीसदी पहले ही खरीद चुका है, जबकि ईरानी तेल के लिए भारत के हिस्से में 10 मिलियन बैरल से कम मिल सकते हैं। एक वरिष्ठ ट्रेडर ने बताया कि डिलीवरी के लिए केवलएक महीने की सीमित समय-सीमा (19 अप्रैल तक) ने भारतीय सरकारी रिफाइनरियों के लिए सप्लाई चेन प्रबंधन को चुनौतीपूर्ण बना दिया है। इस समय में विक्रेताओं की पहचान, उनकी विश्वसनीयता की जांच और शिपिंग व्यवस्था करना मुश्किल हो रहा है।




पहले ईरानी कच्चे तेल की बिक्री पूरी तरह नेशनल ईरानियन ऑयल कंपनी (एनआईओसी) के नियंत्रण में थी। लेकिन अब यह बिक्री मुख्य रूप से उन ट्रेडर्स के नियंत्रण में है, जो इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जुड़े हैं। ब्रिटेन स्थित एनर्जी इंटेलिजेंस की रिपोर्ट के अनुसार प्रतिबंधित तेल की आपूर्ति अब संदिग्ध हितों द्वारा की जा रही है, जिनके पास फ्रंट कंपनियों और किराये पर लिए गए जहाजों का नेटवर्क है। एक सीनियर रिफाइनिंग अधिकारी ने कहा कि इस नई व्यवस्था में तेल खरीदना और डिलीवरी सुनिश्चित करना भारतीय रिफाइनरियों के लिए और कठिन हो गया है।

मुंबई स्थित ईरानी वाणिज्य दूतावास ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में ईरान के पास अंतरराष्ट्रीय बाजार के लिए अतिरिक्त तेल उपलब्ध नहीं है। अमेरिकी वित्त मंत्री की हालिया टिप्पणियां मुख्य रूप से खरीदारों को आश्वस्त करने और बाजार को स्थिर करने के उद्देश्य से प्रतीत होती हैं।

कई वर्षों से ईरानी तेल का खुले तौर पर व्यापार नहीं हुआ है, जिससे इसकी गुणवत्ता और सप्लाई को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

## बाजार में पावरफुल और मजेदार टर्बो पेट्रोल एसयूवी के विकल्प मौजूद

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मार्च।**

यदि आप कम बजट में दमदार एसयूवी खरीदने के बारे में सोच रहे हैं, तो बाजार में आपके पास कई विकल्प मौजूद हैं। इन गाड़ियों में टर्बो पेट्रोल इंजन मिलता है, जो कम इंजन क्षमता के बावजूद बेहतर पावर और स्मूद ड्राइविंग एक्सपीरियंस देता है। इस लिस्ट में टाटा मोटर्स, किआ, महिंद्रा एंड महिंद्रा के मॉडल के साथ-साथ नई रिनॉल्ट डस्टर भी शामिल है, जो एक बार फिर चर्चा में है। आज के ग्राहक सिर्फ माइलेज पर नहीं, बल्कि परफॉर्मेंस और ड्राइविंग अनुभव पर भी ध्यान देते हैं। टर्बो पेट्रोल इंजन वाली एसयूवी शहर और हाईवे दोनों पर मजेदार और रेस्पॉन्सिव ड्राइव देती हैं। स्कोडा कियाक कम बजट में एक शानदार विकल्प है। यह एमक्यूबी एओ इन प्लेटफॉर्म पर तैयार की गई है और इसमें 1.0 लीटर टीएसआई टर्बो पेट्रोल इंजन है, जो 118एचपी पावर और 178एनएम टॉर्क देता है। ट्रांसमिशन के लिए 6-स्पीड मैन्युअल और 6-स्पीड ऑटोमैटिक ऑप्शन उपलब्ध हैं। सुरक्षा के लिहाज से भी यह मजबूत है और इसे भारत एनकैप में 5-स्टार रेटिंग मिली है। कीमत लगभग 7.59 लाख से 12.99 लाख रुपये के बीच है। किआ सोनेट फीचर्स और परफॉर्मेंस का बेहतरीन बैलेंस देती है। इसमें 1.0 लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन है, जो 118एचपी और 172एनएम टॉर्क जनरेट करता है।

आईएमटी और डीसीटी ऑटोमैटिक जैसे एडवांस ट्रांसमिशन विकल्प इसमें उपलब्ध हैं। आरामदायक सस्पेंशन और अलग-अलग वेरिएंट्स इसे 15 लाख रुपये से कम बजट में आकर्षक बनाते हैं। नई रिनॉल्ट डस्टर भारतीय बाजार में एक बार फिर वापसी कर रही है। इसमें टर्बो पेट्रोल इंजन का विकल्प और नया डिजाइन मिलेगा, जो इसे मौजूदा सेगमेंट में मजबूत प्रतिस्पर्धी बनाएगा।

## रुपया रिकॉर्ड गिरावट पर, विदेशी भंडार का पहरा आरबीआई संभालेगा

### विदेशी दबाव और निवेशक आउटफ्लो के चलते आरबीआई का आर्थिक संतुलन चुनौतीपूर्ण

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मार्च।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस समय ऐतिहासिक चुनौती का सामना कर रहा है। ईरान और इजराइल के बीच युद्ध, वैश्विक तेल की बढ़ती कीमतें और विदेशी निवेशकों के अचानक अरबों डॉलर की निकासी ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ा दिया है। रुपये की गिरावट रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच चुकी है, वहीं विदेशी मुद्रा भंडार को सुरक्षित रखना भी अनिवार्य हो गया है। आम आदमी की जेब, उद्योग और सरकार-सब इस अस्थिरता से सीधे प्रभावित हैं। आरबीआई के सामने दो विकल्प हैं: या तो रुपये को स्थिर रखें, जिससे घरेलू नकदी और ब्याज दरों पर असर पड़ेगा, या विदेशी मुद्रा भंडार की रक्षा करें, जिससे रुपये में गिरावट आ सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि मौजूदा परिस्थितियों में आरबीआई शायद रुपये की कुछ कमजोरी सहन करके विदेशी मुद्रा भंडार को प्राथमिकता देगा, ताकि लंबी अवधि में देश की आर्थिक स्थिरता सुरक्षित रह सके। ईरान और इजराइल के बीच युद्ध और वैश्विक तेल की बढ़ती कीमतों ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर अप्रत्याशित दबाव डाला है। विदेशी निवेशकों ने मार्च में 12.1 अरब डॉलर निकाल लिए, जो एक महीने में अब तक का सबसे बड़ा आउटफ्लो है। इस वजह से रुपये की गिरावट 74 के स्तर तक पहुंच गई, जबकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को विदेशी मुद्रा भंडार और रुपये की स्थिरता के बीच संतुलन बनाए रखना मुश्किल हो गया है।



# आज का सुविचार

सफलता की सबसे खास बात यह है कि वह मेहनत करने वालों पर ही मेहरबान होती है।

## बीके अस्पताल में बढ़ रहे अस्थमा के मरीज

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 28 मार्च।

मौसम में लगातार हो रहे बदलाव ने लोगों की सेहत पर असर डालना शुरू कर दिया है। तेज धूप और अचानक हो रही बरसात के कारण आमजन को कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शहर के बीके अस्पताल में इन दिनों प्रतिदिन 25 से अधिक मरीज सांस संबंधी समस्याओं के साथ पहुंच रहे हैं। अस्थमा मरीजों को सांस लेने में दिक्कत, सीने में जकड़न, खांसी और थकान जैसी समस्याएं अधिक हो रही हैं। इसके अलावा बच्चों और बुर्जुगों में भी वायरल संक्रमण और सर्दी-जुकाम के मामले बढ़े हैं। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहित अग्रवाल का कहना है कि इस तरह के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। फिलहाल लोग धूप और बारिश से बचाव करें, बाहर निकलते समय मास्क का उपयोग करें और ठंडे-गर्म के अचानक संपर्क से बचें।

# एलिवेटेड रोड बनने से जयपुर जाने वालों को जाम से मिलेगी राहत

» गुरुग्राम, यूटर्न/ 28 मार्च।

मानेसर में 1250 मीटर हाईवे को एलिवेटेड बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। पिलर निर्माण के लिए सर्विस रोड बनाई जा रही है। मानेसर में एलिवेटेड रोड बनने से जयपुर जाने वाले लोगों को जाम से राहत मिलेगी।

दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-48) पर मानेसर बाजार में लोगों को रोज जाम से जूझना पड़ता है। पिछले साल एनएचएआई ने यहां पर एलिवेटेड रोड बनाने का काम शुरू कराया था। एनएचएआई के अनुसार हाईवे पर पिलर निर्माण के लिए बैरिकेटिंग की जानी है। इसके लिए सर्विस लेन के साथ ड्रेनेज कार्य कराया जा रहा है। सर्विस रोड बनने के बाद हाईवे के वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा। एनएचएआई के डिप्टी मैनेजर प्रकाश तिवारी ने बताया कि मानेसर में एलिवेटेड रोड 1250 मीटर लंबा होगी।



इस पर करीब 75 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इसके नीचे चार लेन की सड़क के साथ सर्विस लेन होगी। एलिवेटेड रोड बनाने से मानेसर में जाम की समस्या दूर हो जाएगी और जयपुर जाना आसान होगा। उन्होंने बताया कि मानेसर के बाद बिलासपुर चौक पर जाम की समस्या रहती है। यहां पर भी फ्लाईओवर का निर्माण चल रहा है। अधिकारी ने बताया कि करीब एक साल के बाद दिल्ली-जयपुर जाम फ्री हो जाएगा।

अभी एनएच-48 पर कई जगहों पर जाम की समस्या रहती है। इसमें खेड़कीदौला टोल, मानेसर, बिलासपुर, पचगांव समेत अन्य जगह शामिल हैं। ऐसे में जयपुर जाने वाले लोग दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जाना पसंद करते हैं। एनएचएआई खेड़कीदौला से हरियाणा बार्डर बावल तक हाईवे को जाम फ्री करने की योजना पर काम कर रहा है। इसके लिए अंडरपास और फ्लाईओवर बनाए जा रहे हैं।

# अपहरण कर बंधक बनाकर मारपीट के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 28 मार्च।

अपहरण, बंधक बनाकर मारपीट और अमानवीय व्यवहार के गंभीर मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र कुमार की अदालत ने आरोपी कुलभूषण उर्फ कुल्लू की जमानत याचिका खारिज कर दी हैं। शिकायतकर्ता द्वारा सह-आरोपी की पत्नी के किसी अन्य केस में साथ देने को लेकर रंजिश थी, जिसके चलते उसे अगवा किया गया और बंधक बनाकर मारपीट की गई। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि



आरोप बेहद गंभीर हैं और केवल चार्जशीट दाखिल होना जमानत का आधार नहीं बनता। साथ ही, आरोपी के आपराधिक इतिहास को देखते हुए यह आशंका भी जताई गई कि वह जमानत पर बाहर आकर गवाहों को प्रभावित कर सकता है और सबूतों से छेड़छाड़ कर सकता है।

मामले के अनुसार तीन जुलाई 2025 की शाम को आरोपी कुलभूषण सह-आरोपियों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता राहुल शर्मा को जबरन एक गाड़ी में बैठाकर ले गया। आरोपी उसे अपने ठिकाने पर ले गया, जहां करीब डेढ़ घंटे तक बंधक बनाकर डंडों से मारपीट की गई और उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। जांच के दौरान अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर चार्जशीट दाखिल की गई, जबकि कुलभूषण ने 15 जनवरी 2026 को कोर्ट में सरेंडर किया और तब से न्यायिक हिरासत में है।

इससे पहले उसकी जमानत याचिका 16 जनवरी 2026 को भी खारिज हो चुकी थी। बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि जांच पूरी हो चुकी है और ट्रायल लंबा चलेगा, इसलिए जमानत दी जाए। वहीं, अभियोजन पक्ष ने बताया कि आरोपी एक आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ 25 अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### ईएसआई अस्पताल सेक्टर-8 को मिली एंबुलेंस

फरीदाबाद, यूटर्न/ 28 मार्च।

सेक्टर-8 स्थित ईएसआई अस्पताल में शुक्रवार को स्वास्थ्य सेवाओं को नया विस्तार मिला। मेवला महाराजपुर स्थित ऐलो फिक इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपनी कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत अस्पताल को एक अत्याधुनिक एंबुलेंस, वाटर कूलर और आरओ सिस्टम भेंट किया। इस पहल से अस्पताल में आने वाले हजारों श्रमिकों और क्षेत्रीय मरीजों को सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में कंपनी के सीईओ कमलेश कौल, एचआर एजीएम राजेश राजपूत, कपिल शर्मा और अजय गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे। अस्पताल की ओर से मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. शालिनी किशोर और सिविल सर्जन डॉ. पूजा भारद्वाज ने कंपनी प्रतिनिधियों का स्वागत किया।

### युवक पर किया जानलेवा हमला, अस्पताल में भर्ती



फरीदाबाद, यूटर्न/ 28 मार्च।

सेक्टर-58 थाना अंतर्गत सिकरौना पुलिस चौकी इलाके में एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक के हाथ की हड्डी टूट गई है। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि सेक्टर-58 थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है। मामले में पुलिस को शिकायत गांव करनेरा निवासी जयकिशन ने दी है। आरोप है कि 19 मार्च की रात करीब 9 बजे वह समयपुर से अपने घर लौट रहा था। रास्ते में हरीश पुत्र बिजेंद्र की दुकान के पास उसे रोककर गाली-गलौच की गई। जयकिशन वहां से जाने लगे तो आरोपी ने अचानक तेजधार लोहे की रॉड से उसके सिर पर वार किया। हमले से बचने के लिए उसने हाथ आगे कर लिया, जिससे उसके दाहिने हाथ में गंभीर चोट लगी। किसी तरह वह वहां से जान बचाकर घर पहुंचा। उसे अल फलाह अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।

# अलग-अलग हादसों में दो बुर्जुगों की मौत

» फरीदाबाद, यूटर्न/ 28 मार्च।

जिले में तेज रफ्तार वाहनों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए दो सड़क हादसों में दो बुर्जुगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटनाओं के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखने को मिला। पहला हादसा गांव प्याला में हुआ, जहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पार कर रही करीब 65 वर्षीय हरदम देवी को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल महिला को अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम खुलवाया। सीकरी चौकी प्रभारी सुरेंद्र फोगाट ने बताया कि ट्रक और चालक को हिरासत में ले लिया गया है और परिजनों की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। वहीं, दूसरा हादसा भूपानी थाना क्षेत्र के कांवरा रोड पर हुआ, जहां तेज रफ्तार हाईड्रा ने पैदल जा रहे 65 वर्षीय दलीप कुमार को कुचल दिया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक हाईड्रा छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है और हाईड्रा को कब्जे में लेकर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# एपीके फाइल से मोबाइल हैक कर ठगी में दो गिरफ्तार

फरीदाबाद, यूटर्न/ 28 मार्च। फ्री में टीवी देखने की एप के बहाने एपीके फाइल भेज 90 हजार रुपये की ठगी के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों में राजस्थान के करौली जिले के रहने वाले जितेश माली व रिंकू शामिल हैं। इनसे पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी एक ही गांव के रहने वाले हैं। रिंकू सैनी बैंक खाताधारक है जिसने अपना खाता जितेश माली को दिया था। इसके खाते में ठगी के 90 हजार रुपये आये थे। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपी जितेश टाइल-पत्थर लगाने का काम करता है। आरोपितों को 1 दिन के रिमांड पर लेकर साइबर क्राइम थाना एनआईटी की टीम पूछताछ कर रही है। ठगी को लेकर पुलिस को ये शिकायत सैनिक कॉलोनी के रहने वाले व्यक्ति ने दी थी। शिकायत में बताया गया कि 1 मार्च को वह इंस्टाग्राम पर सर्फिंग कर रहे थे। इसी दौरान फ्री में टीवी देखने की एप के विज्ञापन का लिंक देखा। लिंक पर क्लिक करते ही उनके मोबाइल में एपीके फाइल डाउनलोड हो गई और मोबाइल हैक हो गया। बाद में बैंक खाते से 90 हजार रुपये ट्रांसफर होने का पता चला तो मामला पुलिस तक पहुंचा।

# रोडवेज बसों में पैनिक बटन बने शो-पीस

» गुरुग्राम, यूटर्न/ 28 मार्च।

महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार और रोडवेज भले ही बड़े-बड़े दावे कर रहे हों लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों के बिलकुल अलग है। बसों में अनिवार्य किए गए पैनिक बटन महज औपचारिकता बनकर रह गए हैं।

कई सिटी बसों में यह सुविधा है ही नहीं और जहां है भी, वहां अधिकांश बटन खराब पड़े हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि अधिकांश महिला यात्रियों को इन पैनिक बटन की जानकारी तक नहीं है। वहीं, जिन महिलाओं को इसकी जानकारी है, उनका अनुभव भी निराशाजनक रहा है। बटन दबाने पर न तो कोई अलार्म बजता है और न ही कोई संकेत मिलता है कि सूचना संबंधित विभाग तक पहुंची है। रोडवेज की करीब 30 वातानुकूलित बसों में पैनिक बटन लगे हुए हैं लेकिन वे भी शो-पीस बनकर रह गए हैं। कई पुरानी बसों में यह सुविधा उपलब्ध ही नहीं है। इससे साफ जाहिर होता है कि सुरक्षा व्यवस्था कागजों में तो है लेकिन जमीन पर नदारद है।

रोडवेज दावा करता है कि महिलाओं को इस सुविधा की जानकारी दी जा रही है लेकिन बस अड्डों पर न तो कोई घोषणा सुनाई देती है और न ही चालक या परिचालक यात्रियों को इसके बारे में बताते हैं। बसों में इसके उपयोग से जुड़े पोस्टर भी नजर नहीं आते। यात्री नेहा यादव ने बताया कि बस में पैनिक बटन लगा तो है लेकिन दबाने पर न कोई लाइट जली और न ही कोई आवाज आई। ऐसे में आपात स्थिति में इस पर भरोसा कैसे करें?



**रोडवेज दावा करता है कि महिलाओं को इस सुविधा की जानकारी दी जा रही है लेकिन बस अड्डों पर न तो कोई घोषणा सुनाई देती है और न ही चालक या परिचालक यात्रियों को इसके बारे में बताते हैं। बसों में इसके उपयोग से जुड़े पोस्टर भी नजर नहीं आते।**

वहीं संगीता ने कहा कि अधिकतर सामान्य बसों में पैनिक बटन हैं ही नहीं और जहां हैं भी, वहां महिलाओं को इसके इस्तेमाल की जानकारी नहीं है। कम से कम बसों में इसके उपयोग के पोस्टर तो लगाने चाहिए। रूपा मलिक और आरती सिंह ने बताया कि ऐसा कोई बटन भी होता है, यह हमें पता ही नहीं था। कभी किसी बस वाले ने हमें बताया ही नहीं इसके बारे में।

मामला संज्ञान में नहीं है। अगर कहीं पैनिक बटन बंद हैं तो उन्हें ठीक कराया जाएगा। महिलाओं को जानकारी देने के लिए उद्घोषणा भी करवाई जाएगी। -गायत्री अहलावत, महाप्रबंधक गुरुग्राम डिपो

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA




लंदन में मैत्री मुकाबले में खेलते हुए इंग्लैड और उरुगवे के खिलाड़ी।

# आईपीएल 2026 में कोहली पड़ेंगे भारी? आकाश चोपड़ा ने धोनी-रोहित पर भी रखी अपनी राय

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मार्च।**

आकाश चोपड़ा का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में विराट कोहली, एमएस धोनी और रोहित शर्मा की तुलना में ज्यादा प्रभावशाली प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कोहली की फिटनेस और निरंतरता को उनकी सबसे बड़ी ताकत बताया है। आकाश चोपड़ा ने हाल ही में एक बातचीत के दौरान कहा कि विराट कोहली की फिटनेस उन्हें बाकी खिलाड़ियों से अलग बनाती है। उन्होंने याद दिलाया कि आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को खिताब दिलाने में कोहली की भूमिका बेहद अहम रही थी। कोहली ने उस सीजन में 15 मैचों में 657 रन बनाए थे और आठ अर्धशतक जड़े थे, जो उनकी शानदार फॉर्म का प्रमाण है।

चोपड़ा के मुताबिक, कोहली जब एक बार लय पकड़ लेते हैं तो लगातार रन बनाते हैं। साथ ही, सलामी बल्लेबाज के रूप में खेलने से उन्हें पारी की शुरूआत से ही समय मिलता है, जिससे वह खुद को बेहतर तरीके से सेट कर सकते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि यही बात रोहित शर्मा पर भी लागू होती है, लेकिन मौजूदा समय में कोहली की निरंतरता उन्हें बढ़त दिलाती है। वहीं एमएस धोनी को लेकर चोपड़ा ने कहा कि उनके लिए आईपीएल 2026 में अच्छा प्रदर्शन करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। धोनी




की उम्र 40 साल से अधिक हो चुकी है और लंबे समय तक क्रिकेट से दूर रहने के बाद सीधे आईपीएल में उतरना आसान नहीं होता। इसके अलावा, निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए उन्हें बहुत कम गेंदें खेलने का मौका मिलता है और विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी भी निभानी होती है, जिससे उनका काम और कठिन हो जाता है।

रोहित शर्मा को लेकर चोपड़ा ने कहा कि उनसे एक बार फिर आक्रामक शुरूआत की उम्मीद रहेगी। मुंबई इंडियंस के मजबूत बल्लेबाजी क्रम को देखते हुए रोहित की भूमिका पावरप्ले में टीम को तेज शुरूआत देने की होगी। उन्होंने यह भी कहा कि जब टीम में क्विंटन डी कॉक, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या जैसे बल्लेबाज मौजूद हों, तो शुरूआती ओवरों का अधिकतम फायदा उठाना बेहद जरूरी हो जाता है।

कुल मिलाकर, आकाश चोपड़ा का मानना है कि आईपीएल 2026 में जहां अनुभव और आक्रामकता अहम भूमिका निभाएंगे, वहीं फिटनेस और निरंतरता के दम पर विराट कोहली बाकी दिग्गजों से आगे निकल सकते हैं।

## वनडे में एक ओवर में सबसे ज्यादा रनः जब बल्लेबाजों ने गेंदबाजों पर बरपाया कहर

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मार्च।** क्रिकेट में एक ओवर की छह गेंदें अक्सर मैच का रुख तय कर देती हैं, लेकिन जब क्रीज पर विस्फोटक बल्लेबाज हों तो यही छह गेंदें गेंदबाजों के लिए बुरे सपने में बदल जाती हैं। वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में कई ऐसे मौके आए हैं जब बल्लेबाजों ने एक ही ओवर में रन की बरसात कर रिकॉर्ड बुक्स में अपना नाम दर्ज करा लिया। इनमें कुछ ऐसे कारनामे भी शामिल हैं, जिन्हें देख पूरी दुनिया हैरान रह गई। सबसे पहले यह ऐतिहासिक उपलब्धि हर्शल गिब्स ने हासिल की थी। उन्होंने आईसीसी क्रिकेट विश्वकप 2007 में नीदरलैंड्स के खिलाफ एक ही ओवर में 6 छक्के जड़कर 36 रन बना दिए थे। यह कारनामा उन्होंने गेंदबाज डैन वैन बंज के ओवर में किया था और विश्व कप इतिहास में ऐसा करने वाले पहले बल्लेबाज बने। इस रिकॉर्ड को कई साल बाद जसकरण मल्होत्रा ने दोहराया। उन्होंने 2021 में पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ एक ओवर में लगातार 6 छक्के लगाकर 36 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने नाबाद 173 रन की शानदार पारी भी खेली और अमेरिका के लिए यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बने। श्रीलंका के पूर्व ऑलराउंडर थिसारा परेरा भी इस सूची में प्रमुख नाम हैं। उन्होंने 2013 में दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर रॉबिन पीटरसन के एक ओवर में 35 रन ठोक दिए थे। इस ओवर में एक वाइड गेंद भी शामिल थी, जिसके कारण कुल 7 गेंदों में यह रन बने। दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स, जिन्हें 'मिस्टर 360' के नाम से जाना जाता है, ने भी अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से इतिहास रचा।

## ऑस्ट्रेलिया समेत चार टीमों की मेजबानी करेगा भारत

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 28 मार्च।**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय टीम के घरेलू सीजन 2026-27 का शेड्यूल घोषित कर दिया है। इस सीजन में भारत कुल 17 शहरों में 22 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलेगा और आस्ट्रेलिया समेत चार टीमों की मेजबानी करेगा। टीम इंडिया का कार्यक्रम काफी व्यस्त रहने वाला है। आईसीसी पुरुष टी20 विश्वकप 2026 के बाद खिलाड़ी सीधे इंडियन प्रिमियर लीग (आईपीएल) 2026 में हिस्सा लेंगे, जिसकी शुरूआत 28 मार्च से होगी। आईपीएल के बाद जून में भारतीय टीम एक टेस्ट और तीन वनडे मैचों की घरेलू सीरीज खेलेगी, जबकि जुलाई में उसे इंग्लैंड दौरे पर जाना है, जहां पांच टी20 और तीन वनडे मैच खेले जाएंगे।




इंग्लैंड दौरे से लौटने के बाद घरेलू सीजन का आगाज 27 सितंबर से वेस्ट इंडीज के खिलाफ सीरीज से होगा। इस दौरे में तीन वनडे और पांच टी20 मैच खेले जाएंगे। वनडे मुकाबले त्रिवेंद्रम, गुवाहाटी और न्यू चंडीगढ़ में होंगे, जबकि टी20 मैच लखनऊ, रांची, इंदौर, हैदराबाद और बेंगलुरु में आयोजित किए जाएंगे। टीम की कप्तानी शुभमन गिल के हाथों में होगी। इसके बाद दिसंबर 2026 में श्रीलंका की टीम भारत दौरे पर आएगी। इस दौरान तीन वनडे और तीन टी20 मुकाबले खेले जाएंगे। वनडे मैच दिल्ली, बेंगलुरु और अहमदाबाद में होंगे, जबकि टी20 सीरीज राजकोट, कटक और पुणे में आयोजित की जाएगी। नए साल 2027 की शुरूआत जिम्बाब्वे के दौरे से होगी।

# बॉलीवुड में ग्लेमर का तड़का



Disha Patani



Amy Jackson

## फटाफट खबरें

### ईरान ने बुशेहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र इलाके में एक और हमले की जानकारी दी-आईएईए

**मॉस्को, यूटर्न/ 28 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने कहा है कि ईरान ने अपने बुशेहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र (एनपीपी) के इलाके में उसे एक और हमले की जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि हमले से कोई रेडिएशन नहीं फैला है और न ही रिएक्टर को कोई नुकसान पहुंचा है। आईएईए ने एक्स पर कहा, 'ईरान ने हमें बुशेहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के इलाके में एक नए हमले की जानकारी दी है; पिछले 10 दिनों में यह तीसरी ऐसी घटना है। इसमें उसके चालू रिएक्टर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है और न ही कोई रेडिएशन फैला है। संयंत्र की स्थिति सामान्य है। एजेंसी ने बताया कि महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने अधिकतम संयम बरतने की अपील की है। आईएईए ने कहा, 'महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र के आसपास सैन्य गतिविधियों की हालिया रिपोर्टों पर फिर से गहरी चिंता व्यक्त की है।

### ओली की गिरफ्तारी देश में न्याय की नयी शुरूआत-गुरुंग

**काठमांडू, यूटर्न/ 28 मार्च।** नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की गिरफ्तारी पर शनिवार को कहा कि यह देश में न्याय की नयी शुरूआत है। श्री गुरुंग ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है और यह गिरफ्तारी किसी के खिलाफ प्रतिशोध नहीं है , यह सिर्फ न्याय की शुरूआत है। उन्होंने कहा ''मेरा मानना है कि देश अब नयी दिशा में बढ़ रहा है। पुलिस ने आज सुबह नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री श्री ओली तथा पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को उनके निवास स्थानों से गिरफ्तार कर लिया था। उन्हें पिछले वर्ष सितंबर में हुए 'जेन-जी' विरोध प्रदर्शनों के दौरान पुलिस कार्रवाई में हुयी मौतों के मामले की जांच के लिए गठित एक उच्च स्तरीय जांच आयोग की सिफारिशों के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। देश में चुनावों के बाद शुक्रवार को श्री बालेन्द्र शाह के नेतृत्व में नयी सरकार का गठन हुआ है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप बोले-क्यूबा को आजाद कराऊंगा या फिर कब्जा करूंगा

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 28 मार्च।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक राजनीति में एक नया मोर्चा खोलने के संकेत देते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हलचल तेज कर दी है। मियामी में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ट्रंप ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ईरान और वेनेजुएला के बाद अब क्यूबा की बारी है। हालांकि उन्होंने यह खुलासा नहीं किया कि अमेरिका इस द्वीप राष्ट्र के खिलाफ किस तरह की ठोस कार्रवाई करेगा, लेकिन उनके सख्त लहजे ने भविष्य में बड़े कूटनीतिक या सैन्य बदलावों की आहट दे दी है। ट्रंप ने अमेरिकी सैन्य ताकत का प्रदर्शन करने की अपनी मंशा को जाहिर करते हुए कहा कि उन्होंने जिस विशाल सेना का निर्माण किया है।

## पश्चिम एशिया तनाव का असर

# पाकिस्तान में एलपीजी की कीमतों में भारी उछाल, अवाम परेशान

**इस्लामाबाद, यूटर्न/ 28 मार्च।**

पश्चिम एशिया में जारी तनाव का असर अब सीधे आम लोगों की जेब पर पड़ने लगा है। पाकिस्तान में लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, 11.67 किलोग्राम सिलेंडर का दाम 3,150-3,968 रुपये से बढ़कर 3,900-5,135 रुपये हो गया है।

पाकिस्तान ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स द्वारा जारी सेंसिटिव प्राइस इंडेक्स (एसपीआई) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 11.67 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की औसत कीमत बढ़कर 3,900 से 5,135 रुपये तक पहुंच गई है, जो पहले 3,150 से 3,968 रुपये के बीच थी। खास तौर पर पंजाब के



विभिन्न शहरों में कीमतों में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

कीमतों में इस उछाल का सीधा असर परिवहन क्षेत्र पर भी पड़ा है। एलपीजी से चलने वाले रिक्शा, बस और मिनीबस के किराए बढ़ गए हैं, जिससे रोजाना यात्रा करने वाले निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

विशेषज्ञों के अनुसार, इस बढ़ोतरी के पीछे वैश्विक कारण हैं। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के चलते एलपीजी की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेजी आई है। साथ ही, ईद और नौरोज की छुट्टियों के कारण ईरान से आने वाली गैस सप्लाई, जो पहले 10,000 से 12,000 टन प्रतिदिन थी, उसमें भी कमी आई है।

पाकिस्तान की कुल एलपीजी जरूरत करीब 20 लाख टन सालाना है, जिसमें से 12 लाख टन आयात करना पड़ता है, जबकि 8 लाख टन घरेलू रिफाइनरियों से मिलता है। मार्च में हालांकि करीब 20,000 टन एलपीजी लेकर तीन जहाज पाकिस्तान पहुंचे, लेकिन यह आपूर्ति मांग के मुकाबले काफी कम है। ऊर्जा सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ती जा रही है। हालिया रिपोर्ट के अनुसार, देश के पास कच्चे तेल का भंडार केवल 11 दिनों के लिए ही पर्याप्त है। इसके अलावा डीजल 21 दिन, पेट्रोल 27 दिन, एलपीजी सिर्फ 9 दिन और जेट फ्यूल 14 दिन के लिए उपलब्ध है।

### सऊदी अरब के अमेरिकी सैन्य बेस पर ईरान का मिसाइल हमला

**तेहरान, यूटर्न/ 28 मार्च।**

मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच सऊदी अरब स्थित प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर ईरान के भीषण हमले ने युद्ध की विभीषिका को और अधिक गंभीर बना दिया है। प्राप्त विवरण के अनुसार, ईरान ने मिसाइलों और ड्रोनों के जरिए इस सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया, जिसमें कम से कम 12 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं।

इनमें से दो सैनिकों की हालत अत्यंत नाजुक बताई जा रही है। इस हमले ने न केवल मानवीय क्षति पहुंचाई है, बल्कि अमेरिकी वायुसेना के महत्वपूर्ण बोइंग केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर रिफ्यूलिंग एयरक्राफ्ट को भी भारी नुकसान पहुंचाया है, जिससे क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ऑपरेशन्स पर बड़ा असर पड़ने की आशंका है।

यह हमला ईरान की उस पूर्व चेतावनी के बाद आया है जिसमें उसने स्पष्ट किया था कि जहां-जहां अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी है, वे सभी ठिकाने उसके निशाने पर होंगे।

# अमेरिका में डिप्लोमेटिक मिशन बना रहा है वेनेजुएला

**काराकास, यूटर्न/ 28 मार्च।**

वेनेजुएला के विदेश मंत्रालय ने घोषणा की है कि अमेरिका में वेनेजुएला का डिप्लोमेटिक मिशन बनाने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल अभी वॉशिंगटन में है।



प्रतिनिधिमंडल में यूरोप और उत्तरी अमेरिका के उप विदेश मंत्री ओलिवर ब्लैंको के साथ फेलिक्स प्लासेंसिया भी शामिल हैं। इन्हें अमेरिका में वेनेजुएला दूतावास का कार्यवाहक प्रमुख नियुक्त किया गया है। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक वीडियो में ब्लैंको ने कहा कि डेलीगेशन ने वर्किंग एजेंडा के हिस्से के तौर पर अमेरिका के डिप्टी सेक्रेटरी ऑफ स्टेट क्रिस्टोफर लैंडौ और दूसरे वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की हैं। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, प्लासेंसिया ने कहा कि इस दौरे का मकसद वेनेजुएला के नागरिकों की चिंता वाले मुद्दों को सुलझाना है।

वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने इस हफ्ते की शुरूआत में ऐलान किया था कि डेलीगेशन अमेरिका में डिप्लोमेटिक मिशन का ऑपरेशन फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। यह 5 मार्च को काराकास और वॉशिंगटन के बीच सालों के ब्रेकडाउन के बाद डिप्लोमैटिक संबंध को फिर से शुरू करने के लिए हुए एक समझौते के बाद हुआ है। रोड्रिगेज ने पिछले हफ्ते कैबिनेट में फेरबदल की भी घोषणा की, जिसमें रक्षा, हाउसिंग व इलेक्ट्रिक एनर्जी के लिए नए मंत्री बनाए गए। गुस्तावो गोंजालेज लोपेज को रक्षा मंत्री बनाया गया। उन्होंने व्लादिमीर पैड्रिनो लोपेज की जगह ली, जो एक दशक से ज्यादा समय से इस पद पर अपनी जिम्मेदारी संभाल रहे थे। गोंजालेज लोपेज ने पहले जनवरी में वेनेजुएला पर अमेरिका के हमलों के बाद प्रेसिडेंशियल ऑनर गार्ड के कमांडर के तौर पर काम किया था। रोड्रिगेज ने जॉर्ज मार्केज मोनसाल्वे को हैबिटैट और हाउसिंग मंत्री भी बनाया, जिन्हें वेनेजुएला के लोगों के लिए सम्मानजनक घर का अधिकार पक्का करने का काम सौंपा गया। रोड्रिगेज के अनुसार, इस फेरबदल में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर रोलैंडो अल्काला को इलेक्ट्रिक ऊर्जा मंत्री के तौर पर नियुक्त करना भी शामिल था। बता दें, 3 जनवरी को, अमेरिकी सैन्य बलों ने वेनेजुएला के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमला किया।

# रूस 1 अप्रैल से स्थानीय उत्पादनकर्ताओं के गैसोलीन एक्सपोर्ट पर लगाएगा बैन

**मॉस्को, यूटर्न/ 28 मार्च।**



मध्य पूर्व संकट के बीच रूस 1 अप्रैल से घरेलू प्रोड्यूसर्स द्वारा गैसोलीन एक्सपोर्ट पर बैन लगाएगा। रूस के सरकारी बयान के अनुसार, उपप्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने शुक्रवार को यह बात कही। यह बैन 31 जुलाई तक लागू रहेगा।

रूस की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि डिप्टी पीएम नोवाक ने ऊर्जा मंत्री, फेडरल एंटीमोनोपॉली सर्विस, सेंट पीटर्सबर्ग एक्सचेंज और उद्योग कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस बैठक में स्थिति की समीक्षा और चर्चा के बाद यह कदम उठाया गया है।

सरकारी न्यूज एजेंसी टास ने इस मामले से जुड़े दो सूत्रों के हवाले से बताया कि रूस के इस कदम का मकसद घरेलू फ्यूल की कीमतों को स्थिर करना है। मीटिंग के दौरान, नोवाक ने इस बात पर जोर दिया कि वैश्विक तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्ट मार्केट में इन-दिनों उथल-पुथल मचा हुआ है। इसके बावजूद, विदेशी बाजार में रूसी ऊर्जा संसाधनों की ज्यादा डिमांड एक सकारात्मक फैक्टर बनी हुई है।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि ऑयल रिफाइनिंग वॉल्यूम मार्च 2025 के स्तर पर बना हुआ है, जिससे पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की सप्लाई स्थिर रहेगी। औद्योगिक कंपनियों ने घरेलू डिमांड को पूरा करने के लिए काफी गैसोलीन और डीजल रिजर्व, साथ ही रिफाइनरी क्षमता के ज्यादा इस्तेमाल की पुष्टि की है।

बता दें, होर्मुज स्ट्रेट से आम तौर पर 20 मिलियन बैरल तेल गुजरता है। हालांकि, ईरान के साथ इजरायल और अमेरिका के संघर्ष की वजह से होर्मुज स्ट्रेट से शिपिंग में काफी परेशानी आ रही है। हालात को देखते हुए होर्मुज स्ट्रेट में शिपिंग कॉस्ट भी बढ़ा दी गई है।

# पेरिस में जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक : सर्जियो गोर ने विदेश मंत्री जयशंकर और रुबियो से की मुलाकात

**पेरिस, यूटर्न/ 28 मार्च।**

अमेरिका के विदेश सचिव मार्को रुबियो जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए फ्रांस पहुंचे। इस मौके पर रुबियो का साथ देने के लिए भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर भी फ्रांस पहुंचे। फ्रांस में उन्होंने रुबियो के साथ-साथ भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से मुलाकात की। इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी।

मुलाकात की तस्वीरें साझा कर राजदूत गोर ने लिखा, 'फ्रांस में



जी7 मंत्री स्तरीय मीटिंग के लिए के साथ जुड़कर खुशी हुई। हमारे सहयोगियों और साझेदारों के साथ अच्छी चर्चा हुई।'

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने जी7 देशों के विदेश मंत्रियों के साथ इस बैठक में कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य अभियान समय-सीमा के अनुसार या उससे आगे चल रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इसके लक्ष्य महीनों नहीं, बल्कि कुछ हफ्तों में पूरे हो जाएंगे। हालांकि, ये बात अमेरिकी सरकार ने पहले भी कही है।

रुबियो ने कहा कि इस मिशन की शुरूआत से ही स्पष्ट रूपरेखा तय की गई थी। उन्होंने कहा, 'हम ईरान की नौसेना को नष्ट करेंगे, उनकी वायुसेना को नष्ट करेंगे। हम मूल रूप से उनकी मिसाइल और ड्रोन बनाने की क्षमता को उनकी फैक्ट्रियों में खत्म कर देंगे।'

उन्होंने जोड़ा कि इस अभियान का उद्देश्य 'मिसाइल लॉन्चरों की संख्या को काफी कम करना' है, ताकि ईरान 'इनके पीछे छिपकर परमाणु हथियार बनाने और दुनिया को धमकाने' में सक्षम न रहे।

रुबियो ने कहा कि प्रगति लगातार हो रही है। 'हम इस ऑपरेशन में समय-सीमा के अनुसार या उससे आगे हैं और उम्मीद है कि इसे उचित समय पर महीनों में नहीं, बल्कि कुछ हफ्तों में पूरा कर लिया जाएगा। प्रगति बहुत अच्छी है।'

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जमीनी सैनिकों की जरूरत नहीं होगी। इन लक्ष्यों को बिना किसी ग्राउंड ट्रूप्स के हासिल किया जा सकता है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *